# एंबुलेंस का नहीं किराया तय, मुंह मांगा पैसा मांगते

**खास बातें**

- आपदा में तलाशते हैं अवसर, अस्पतालों से मिलता है कमीशन
- कई सालों पुरानी एंबुलेंस मरीज लेकर दौड़ रही




नवभारत न्यूज

**विदिशा 18 नवम्बर, सरकारी अस्पताल और मेडिकल कालेज के बाहर बड़ी संख्या में खड़ी एंबुलेंस का किराया फिक्स न होने के चलते एंबुलेंस चालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं. जिसको जैसा ग्राहक मिल जाए उससे उतना पैसा वसूल जाता है. पिछले कई दिनों से एंबुलेंस का किराया तय न होने के चलते यह हालात बन चुके हैं.**

अस्पताल परिसर में एंबुलेंस चालक और उनके ड्रायवर रेफर होने वाले मरीजों की जानकारी जुटाते रहते हैं और जैसा भी मरीज मिलता है उससे किराए का मोल भाव कर ले जाते हैं. ज्यादातर मरीज विदिशा से भोपाल रेफर किए जाते हैं. भोपाल तक मरीज को ले जाने के लिए कम से कम 1800 से 2 हजार रुपए लिए जा रहे हैं जबकि इतना खर्च नहीं आता है. बताया गया कि मरीज को भेजने पर भी कमीशन मिलता है.विगत दिनों एक मामला सामने आया था जहां विदिशा के प्रायवेट अस्पताल से एक मरीज को भोपाल रैफर किया था मरीज को भोपाल ले जाने के लिए एंबुलेंस की जरुरत थी जिसमे आक्सीजन की सुविधा होना जरुरी थी. मरीज के परिजनों ने अस्पताल के कर्मचारी से संपर्क किया जहां से उनको प्रायवेट एंबुलेंस के संचालक का नंबर मिला जिसने मरीज को भोपाल ले जाने के लिए 3500 चार्ज बताया इस पर मरीज क परिजनों ने थोड़ा पैसा कम करने की बात कही और आखिर में 3 हजार में मरीज को भोपाल लेकर गए. इसी तरह अस्पतला के बाहर खड़ी कुछ एंबुलेंस के चालकों से मरीज को भोपाल ले जाने की जानकारी ली गई तो अधिकांश ने भोपाल तक जाने के 2 हजार किराया बताया गया. वहीं एंबुलेंस में आक्सीजन है तो यह चार्ज 3 हजार तक पहुंच जाता है.

### अस्पताल प्रबंध को नहीं है जानकारी

बताया कि किस एंबुलेंस का संचालक मरीजों से कितना किराया वसूल रहे हैं और कितना किराया तय है इसकी जानकारी सरकारी अस्पताल के प्रबंध को नहीं होती है. बताया गया कि अस्पताल और मेडिकल के बाहर ही करीब 25 से ज्यादा एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है इसका पूरा रिकार्ड भी प्रबंधन के पास नहीं है.

### रात के समय बढ़ जाता है किराया

एंबुलेंस को इमरजेंसी सेवाओं में शामिल किया गया है जिसके चलते विदिशा- भोपाल और अन्य इलाकों में चल रही एंबुलेंस के दस्तावेजों को चेक नहीं किया जाता है जिसके चलते कई बार इनके कागजात भी पूरे नहीं होते हैं. एंबुलेंस के चालकों का भी जांच नहीं की जाती है वहीं कई बार रात के समय मरीजों भोपाल रेफर किया जाता है तो मरीज को ले जाने का किराया बढ़ जाता है.एंबुलेंस के चालक ने बताया कि कई बार प्रायवेट अस्पताल से मरीजों को रैफर किया जाता है ऐसे में उस अस्पताल के कर्मचारी को कमीशन भी देना पड़ता है.

### सरकार ने किराया तय नहीं किया है-आटीओ

जिला परिवहन अधिकरी गिरजेस वर्मा ने बताया कि एंबुलेंस का किराया सरकार ने तय नहीं किया है यहां पर किराय कंट्रेक्ट पर तय किया जाता है इसलिए आपसी सहमति से किराय तय कर लिया जाता है. कोरोना काल में कुछ निर्देश स्वास्थ्य विभाग ने दिए थे.

# पहले दिखाए सुनहरे सपने, अब अंधेरे में गुजर हो रही जिंदगी

## बेतवा सिटी कॉलोनी के रहवासियों ने लगाई गुहार



नवभारत न्यूज

**विदिशा 18 नवम्बर, मंगलवार को ढोलखेड़ी स्थित बेतवा सिटी कॉलोनी के रहवासी बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया.**

इस दौरान बताया गया कि कॉलोनी की स्ट्रीट लाइट पिछले 1 साल से बंद पड़ी हुई है.वहीं नालियों की साफ सफाई न होने के कारण सड़क पर पानी भरा हुआ है, जिसके कारण से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस दौरान कुलदीप शर्मा, सौरभ यादव, उमराव सिंह गुर्जर आदि ने बताया कि कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा प्लाट देते समय बड़े-बड़े वादे किए गए थे. बावजूद इसके पिछले कई महीनों से साफ सफाई नहीं हो रही है और स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है. उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर कॉलोनाइजर को अवगत करा चुके हैं, लेकिन वह हमारी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में कवर्ड कैंपस बनाने की बात कही गई थी और दोनों तरफ गेट लगाने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक गेट भी नहीं लगाए गए हैं और न ही कवर्ड कैंपस बनाया गया है.गेट न होने के कारण कॉलोनी में असामाजिक तत्वों का आना-जाना रहता है. जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि कॉलोनी के मंदिर में दो बार चोरी हो चुकी है और कॉलोनी में अंधेरा रहने के कारण असामाजिक तत्व अंधेरे का फायदा उठाकर तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे कॉलोनी में लोगों के लिए रात में घर से निकलना मुश्किल हो रहा है. कलेक्टर को आवेदन देकर मांग की है कि कॉलोनी को या तो नगरपालिका में शामिल किया जाए या फिर कॉलोनी इधर से व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाए इस दौरान कॉलोनी के निवासी मौजूद थे.

# प्राची ने विश्वविद्यालय में प्राप्त किया द्वितीय स्थान




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** स्थानीय आई आई एच आर डी महाविद्यालय की प्राची तिवारी ने युवा उत्सव में अयोजित कोलाज प्रतियोगिता भाग लेकर बरकतउल्ला विश्वविध्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया. ज्ञातव है कि उच्च शिक्षा संचनालय प्रतिवर्ष युवा उत्सव का आयोजन महाविद्यालयीन स्तर, जिला महाविद्यालयीन स्तर के उपरांत विश्वविध्यालय स्तर पर करती है. इसमें संस्कृततिक पक्ष में नृत्य, एकांकी, मिमिकरी संगितिक एवं साहित्यिक पक्षी में वाद विवाद, प्रश्न मंच, गायन रूपांकन पक्ष में कोलाज चित्रकला किलेमॉडलिंग मुख्य विधवाओं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता हैं जिसमे आईआईएचआरडी महाविद्यालय की प्राची तिवारी के रंगोली एवं कोलाज विधा में महाविद्यालय एवं जिला महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत विश्वविध्यालय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया.उनकी सफलता पर सभी महाविद्यालय के प्राध्यापक ने बधाई दी.

# एएनएम ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** एएनएम और सीएचओ विहीन उप स्वास्थ्य केंद्र पर ही ड्यूटी लगाने की मांग को लेकर क्षेत्र की एएनएम ने विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपा. इस मौके पर उन्होंने कहा कि एएनएम की ड्यूटी अन्य उप स्वास्थ्य केंद्र पर वैक्सीन करने लगाई जा रही है, जबकि वहां पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा पूर्व से ही वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है. तथा कोल्ड चैन से वैक्सीन निकाली जा रही है. वही अचानक एएनएम की ड्यूटी उनके उप स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त अन्य उप स्वास्थ्य केंद्र पर भी लगाई जा रही है. जबकि एएनएम विहीन रिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ सीएचओ के द्वारा ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं दिये जाने एवं टीकाकरण किये जाने के निर्देश हैं.



उन्होंने एएनएम और सीएचओ विहीन उप स्वास्थ्य केंद्र पर ही ड्यूटी लगाने की मांग की. जिससे उनके सब सेंटर का कार्य प्रभावित न हो. इस दौरान क्षेत्र की कई एएनएम मौजूद रही.

# विधायक की जन सुनवाई में मिला चश्मा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, विधायक मुकेश टंडन ने मंगलवार को पालिका परिसर में नागरिकों की जनसमस्याओं हेतू शिविर का आयोजन किया. सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक नगर पालिका में जन सुनवाई की जा रही है, सुनवाई के दौरान आज विभिन्न समस्याओं के 12 लिखित आवेदन मिले.कुछ हितग्राहियों द्वारा मौखिक भी समस्याएं बताई जिस पर विधायक ने उनको हल करने के निर्देश दिए.** रमेश कुमार पिछली जन सुनवाई में चश्मा बनाने के लिए आवेदन दिया जो कि आज की जन सुनवाई में रमेश कुमार को चश्मा प्रदान किया गया . अधिकारियों को दिए ,कुछ आवेदनों का मौके पर ही निवारण किया गया जन जनसुनवाई में पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे.



## गांधी प्रतिमा स्थल नीमताल पर होगी चौराहे पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विचार मंच द्वारा चौराहे पर चर्चा नाम से पूर्व में दो परिचर्चायें आयोजित की गई, परिचर्चा की इसी श्रृंखला में तीसरी परिचर्चा गांधी प्रतिमा स्थल नीमताल चौराहे पर 19 नवंबर बुधवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है. विदिशा विचार मंच द्वारा आयोजित इस परिचर्चा का विषय पूर्व की ही भांति विदिशा की बदहाली में जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय रहेगा. अपील करने वालों में मुख्य रूप से विदिशा विचारमंच के आनंद प्रताप सिंह, आशीष माहेश्वरी, संदीप अमावते, रमेश रैकवार, दिनेश विश्कर्मा आदि शामिल है.

# अनुकंपा नियुक्ति को लेकर बुजुर्ग महिला हो रही परेशान

## जनसुनवाई में लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**विदिशा, मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग महिला अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन की समस्या को लेकर कलेक्टोरेट पहुंची. इस दौरान वह अपनी परेशानियों को सुनाते हुए रोने लगी और हंगामा शुरू कर दिया.अधिकारियों ने तुरंत ही बुजुर्ग महिला को कुर्सी पर बैठाया और तहसीलदार और पेंशन सहित स्थापना शाखा के कर्मचारियों को तुरंत ही महिला की समस्या हल करने के निर्देश दिए गए.**

बुजुर्ग महिला कमलावती यादव पत्नी रामाशीष यादव ने बताया कि उनके पति गुलाबगंज तहसील में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे. उनकी कुछ महीने पहले मृत्यु हो चुकी है.उन्होंने कहा कि उनके दो बेटे और हैं.एक बेटा उत्तर प्रदेश में रहता है और एक बेटा नौकरी करता है.जबकि छोटा बेटा उनके साथ रहता है और वह उनकी देखभाल करता है.उन्होंने कहा कि उनका स्वास्थ्य खराब होने के कारण अनुकंपा नियुक्ति वह नहीं लेना चाहती हैं और उनकी जगह वह अपने छोटे बेटे को नौकरी देने की बात कह रही है.उन्होंने कहा कि पिछले 4 महीने से स्थापना शाखा में पदस्थ कर्मचारी द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है. साथ ही उन्होंने कहा कि पेंशन विभाग द्वारा भी उनकी कोई मदद नहीं की जा रही है, जिसके चलते वह काफी परेशान हो चुकी हैं. इस मामले को देखते हुए अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने तुरंत ही सभी जिम्मेदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि मामले की तुरंत गंभीरता से जांच पड़ताल की जाए और नियम अनुसार कार्रवाई की जाए.

# ओलम्पस हाई के विद्यार्थियों ने जीते 2 सिल्वर और 2 ब्रोंज मेडल

**राज्यस्तरीय स्वीमिंग में 4 पदकों के साथ ही नेशनल में हुआ ओलम्पस हाई के एकम का चयन**

**4 गुणा 100 मीटर की दो स्पर्धाओं में एकम को सिल्वर और ब्रांज मेडल**

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, विगत दिनों इंदौर में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई के विद्यार्थिओं का जबरदस्त प्रदर्शन रहा. इस प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई के 4 विद्यार्थिओं एकम सिंह, अभिनव शुक्ला, वेदांशी शर्मा और अमित रघुवंशी का चयन हुआ था. सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अंडर 17 में एकम सिंह अदक ने एकल इवेंट में 1 सिल्वर और 1 ब्रोंज़ मेडल जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना नाम सुनिश्चित किया. वहीं 4 वाय 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले और मेडले रिले में भी एकम सिंह ने सिल्वर और ब्रोंज़ मेडल प्राप्त किया. इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सभी संभागों से बच्चों ने भाग लिया था. इसमें एकम का 4 पदक प्राप्त कर सभी से आगे रहना अपने आप में एक सराहनीय प्रयास रहा. स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक दिल्ली में नेशनल प्रतियोगिता आयोजित होगी. स्कूल प्राचार्य प्रियंका सिंह ने जानकारी दी की एकम ने विद्यालय की इवनिंग अकैडमी में स्कूल कोच रमेश शुक्ला से ही स्विमिंग सीखी, इस सफलता पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी और अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने एकम सिंह अदक को बधाई दी.



# सांसद खेल महोत्सव टीलाखेड़ी छात्रावास खेल मैदान उत्साह से गूंजा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर के टीलाखेड़ी छात्रावास खेल मैदान खेल मैदान में मंगलवाा को सांसद खेल खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने किया. महोत्सव में वार्ड क्रमांक 34 ,35,36,37,38,39 से 400 महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक खेल लेमन रेस, रस्साकसी एवं म्यूजिकल चेयर रेस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों में रस्साकसी ,आदिति, पूर्वी राजपूत , लेमन रेस राजवीर , नैतिक मालवीय, म्यूजिकल चेयर रेस शिखा शर्मा, सपना जैन कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को विधायक मुकेश टंडन एवं सीएमओ अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशंसापत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित कर ग्रामीण एवं नगरीय समुदायों में आपसी भाईचारा, सहयोग और खेल भावना को सुदृढ़ बनाना रहा. आयोजन के दौरान पूरे वातावरण में उल्लास, एकता और खेल के प्रति समर्पण की भावना देखने को मिली. नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, सुरेंद्र सिंह चौहान वार्ड क्रमांक 35 की पार्षद सपना राजेश जैन वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद शिवानी शैलेंद्र सरवैया वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद चंद्रपाल सिंह दांगी , कल्लू लियाकत कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे.




## गीता ओलंपियाड परीक्षा आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विश्व गीता प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित गीता ओलंपियाड भाग 1 व 2 की प्रांत स्तरीय परीक्षा का आयोजन 19 नवंबर दोपहर 1 से 2 बजे के बीच कुम्हार गली स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है.पूर्व में यह परीक्षा स्थानीय और जिला स्तर पर आयोजित की जा चुकी है.उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में नगर के विभिन्न स्कूलों के शताधिक छात्रों ने भाग लिया है जो भगवत गीता के प्रति उनकी निष्ठा का परिचायक है.

# पुलिस सेवा के लिये जरूरी शारीरिक फिटनेस

## पुलिस कैसे बने, कार्यशाला का दूसरा दिन



नवभारत न्यूज

**विदिशा,**पुलिस सेवा केवल बुद्धि या प्रशासनिक कौशल पर नहीं,बल्कि शारीरिक क्षमता और मानसिक मजबूती पर भी आधारित है.एक पुलिसकर्मी को दैनिक कार्यों में तेजी, साहस और सहनशक्ति की आवश्यकता पड़ती है,चाहे वह किसी अपराधी का पीछा करना हो,कानून-व्यवस्था बनाए रखना हो या आपदा की स्थिति में लोगों की मदद करना हो.शारीरिक फिटनेस न केवल पुलिसकर्मी के प्रदर्शन को बेहतर बनाती है तथा उसे दबावपूर्ण परिस्थितियों में भी शांत और सक्षम बनाए रखती है.यह विचार पुलिस ट्रेनिंग स्कूल विदिशा में पदस्थ रक्षित निरीक्षक बीएस चौहान ने छात्रों के बीच व्यक्त किए.

शासकीय आदर्श महाविद्यालय में पुलिस कैसे बने,विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन बीएस चौहान ने फिटनेस की जरूरत और उसे बनाएं रखने को लेकर विद्यार्थियों को गुर सिखाएं.उन्होंने विद्यार्थियों के जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा की जो युवा पुलिस सेवा में जाना चाहते हैं, उन्हें नियमित व्यायाम, अनुशासित जीवनशैली और संतुलित आहार अपनाकर अपनी शारीरिक तैयारियों पर लगातार ध्यान देना चाहिए. यही फिटनेस उन्हें सफल चयन के साथ-साथ बेहतर पुलिस अधिकारी बनने में भी मदद करती है.अनुशासन और नियमितता इस पूरी प्रक्रिया की कुंजी है.यदि युवा प्रतिदिन निर्धारित समय पर दौड़,व्यायाम और सही आहार का पालन करें, तो वे न केवल चयन परीक्षा में सफल होंगे.आगे चलकर एक सक्षम,स्वस्थ और साहसी पुलिस अधिकारी बन पाएँगे. इस अवसर पर विजय गुप्ता ने पुलिस प्रशिक्षण को लेकर विद्यार्थियों के अपने अनुभव साझा किए.पुलिस सेवा के चयन के लिए विभिन्न परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों में अर्थव्यवस्था से जुड़े तथ्यों को लेकर विशेष व्याख्यान डॉ.एकता गुप्ता ने दिया. कार्यक्रम का संचालन डॉ अवधेश पांडे ने दिया.प्राचार्य डॉ.ब्रह्मदीप अलूने ने बताया की 17 नवम्बर से 22 नवम्बर तक चलने वाली इस निशुल्क कार्यशाला में किसी भी संस्थान के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं.


**व्यवस्था** | **क्षेत्र में शीतलहर से लुढ़का तापमान, क्षेत्र में कोहरे के आगोश में दिखी सुबह**

# सर्दी के चलते नपा ने शुरू किया रैन बसेरा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, क्षेत्र में इन दिनों सर्दी एवं शीतलहर ने असर दिखाना शुरू कर दिया है. शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट हुई है. लोग सर्दी से बचाव के लिये अलाव एवं गर्म वस्त्रों का उपयोग करते दिख रहे हैं. क्षेत्र में सर्दी को देखते हुए नगरपालिका ने भी रैन बसेरा की सुविधा शुरू की है.**

क्षेत्र में शीतलहर एवं सर्दी से तापमान काफी लुढ़क गया है. सुबह-सुबह कोहरा भी दिखाई दे रहा है. सर्दी एवं शीतलहर के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है. लोग सर्दी के बचाव के लिए गर्म वस्त्रों एवं अलाव का उपयोग करते दिखाई दे रहे हैं. मंगलवार की सुबह भी कोहरा दिखाई दिया. कोहरे के



कारण सड़कों पर दृश्यता में भी कमी रही. जिसके कारण वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ती दिखाई दी. शीतलहर एवं सर्दी के कारण सुबह एवं रात्रि के समय सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा दिखाई दिया. जानकारों की मानें तो आगामी दिनों में सर्दी एवं कोहरे में ओर अधिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है. शहर में सर्दी एवं शीतलहर को देखते हुए नगरपालिका द्वारा नपा शादी हाल तलैया में रैन बसेरा शुरू किया गया है. मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि

रैन बसेरा में असहाय, निराश्रित एवं सड़कों पर रहने वाले लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है. रैन बसेरा में कंबल, गद्दे, पेयजल आदि के साथ अलाव आदि की भी व्यवस्था की गई है. जिससे लोगों को परेशानी ना हो एवं सर्दी एवं शीतलहर से राहत मिल सके. रैन बसेरा में महिलाओं एवं पुरुषों के ठहरने की अलग-अलग व्यवस्था है. वहीं नपा के कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है. इस मौके पर उन्होंने रात्रि में शहर में भ्रमण कर शहर की सड़कों पर ठहरने वाले लोगों से रैन बसेरा सुविधा का लाभ लेने का आग्रह किया.

### स्कूलों के समय में बदलाव की मांग

जिले में शीतलहर के चलते लोगों ने बच्चों के स्कूलों के समय में परिवर्तन करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि सर्दी के कारण बच्चों को सुबह विद्यालय पहुँचने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. ठंड के कारण कई बच्चे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी जूझ रहे हैं. जिसके कारण जिले के शासकीय एवं निजी स्कूलों के समय में बदलाव किया जावे. जिससे बच्चों को कड़ाके की ठंड से राहत मिल सकें और बच्चे सुरक्षित रूप से विद्यालय जा सकें.

### प्रमुख चौराहों पर हो अलाव की व्यवस्था

क्षेत्र में इन दिनों सर्दी बढ़ने के साथ ही लोग सुबह शाम सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं. पूर्व के वर्षों में नपा द्वारा सर्दी से बचाव के लिए शहर के प्रमुख चौक, चौराहों एवं सड़कों पर अलाव की व्यवस्था की गई थी. नागरिकों ने मांग की है कि नपा द्वारा इस वर्ष भी सर्दी से बचाव के लिए शहर के प्रमुख चौक, चौराहों एवं सड़कों पर अलाव की व्यवस्था की जावे. जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिल सके. वही सड़क पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं का भी सर्दी से बचाव हो सके.

# विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया.इस दौरान उन्होंने बताया कि आदिवासी और अन्य पिछड़ी जातियों के लोगों पर काफी अत्याचार हो रहे हैं. जिसके कारण से समाज के लोग काफी डरे और सहम हुए हैं.**उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के देश व्यापी सामाजिक न्याय और समानता अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर प्रदर्शन कर तत्पश्चात आपको प्रेषित ज्ञापन के माध्यम से अपील है कि भारत में दलितों, आदिवासियों, अल्प संख्यकों और महिलाओं पर अत्याचार और उनकी प्रताड़ना बन्द करने हेतु प्रभावकारी कदम उठाए जाएं. इन प्रतिकूल परिस्थितियों में भारत के संवैधानिक मूल्यों पर कुठाराघात किया जा रहा है. सामाजिक न्याय और समानता के अधिकार से दलित, आदिवासी, अल्प संख्यक जनता और महिलाएं वंचित हैं.